राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 20 अगस्त। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री राजीव गाँधी की 77वीं जयंती के अवसर पर आज प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर स्व. श्री राजीव गाँधी को पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी के जीवन एवं 21वीं सदी के सशक्त भारत की परिकल्पना को साकार करने हेतु उनके महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता हुआ एक वीडियो जारी कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री बनने वाले भारत रत्न स्व. श्री राजीव गांधी जी ने 21वीं सदी में एक सशक्त भारत की परिकल्पना को साकार किया था तथा देश में सूचना एवं संचार क्रांति लाकर देश के युवाओं को ज्ञान के बल पर विश्व पर राज करने हेतु तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी ने देश के युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में मताधिकार देकर अपने भविष्य को चुनने की शक्ति प्रदान की थी। देश में पंचायती राज व्यवस्था लागू कर सत्ता के विकेंद्रीकरण का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज देश में कम्प्यूटर एवं मोबाइल स्व. श्री राजीव गांधी की देन है जिसके बलबूते पर आज भारत का युवा वैश्विक क्रांति एवं सूचना तथा जनसंचार के माध्यम से स्वयं को विश्व के किसी भी अन्य देश के युवा के बराबर पाता है। उन्होंने कहा कि स्व. गांधी ने भारत की एकता एवं अखण्डता को कायम रखने हेतु अपने जीवन का बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि आज देश में ऐसी ताकतें सत्ता में आ गई हैं जो स्व. श्री राजीव गांधी द्वारा देश में लाई गई सूचना प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग अपने ही देश के नेताओं, पत्रकारों व अन्य विशिष्ट जनों की जासूसी हेतु कर रही है। उन्होंने कहा कि आज इस अवसर पर हम कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता संकल्प लेते हैं कि देश में राज कर रही इन फासिस्ट शक्तियों का असली चेहरा जनता के सामने बेनकाब करेंगे तथा उन्हें सत्ता से उखाड़ फेकेंगे।

पुष्पांजलि कार्यक्रम में पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट, मुख्य सचेतक डॉ. महेश जोशी, विधायक श्री राकेश पारीक, श्री प्रशान्त बैरवा, श्रीमती कृष्णा पूनियां, श्री अमित चाचाण, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र चौधरी, राजस्थान क्रिकेट एसोशिएशन के अध्यक्ष श्री वैभव गहलोत, पूर्व सांसद श्री अश्कअली टाक, डॉ. प्रभा ठाकुर, श्री नमानोरायण मीणा, डॉ. करण सिंह यादव, वक्फ बोर्ड चेयरमेन डॉ. खानू खां बुधवाली, पूर्व मंत्री श्री बृजकिशोर शर्मा, पूर्व विधायक श्री नवरंग सिंह, श्री मीनाक्षी चन्द्रावत, प्रदेश कांग्रेस सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, श्री जसवन्त गुर्जर, श्री प्रशान्त शर्मा, श्री राजेन्द्र यादव, श्री देशराज मीणा, श्री फूलसिंह ओला, श्री राजेन्द्र मूण्ड, श्री भूराराम सिरवी, श्री महेन्द्र सिंह खेड़ी, पूर्व चेयरमेन श्री मुमताज मसीह, डॉ. अर्चना शर्मा, श्री पुखराज पाराशर, श्री महेश शर्मा, श्री सुशील शर्मा, श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल, श्री प्रताप पूनियां, श्री अयूब खान, श्री विजय जांगिड़, श्री श्रवण तंवर, श्री विरेन्द्र पूनियां, श्री राजेश चौधरी, श्री के.के. हरितवाल, श्री सोमेन्द्र शर्मा, श्री भवी मीणा, श्री आर.सी. चौधरी, श्री सुरज्ञान सिंह घौसल्या, श्री गोपाल केसावत, पं. सुरेश मिश्रा, डॉ. धूपसिंह पूनियां, श्रीमती मंजू शर्मा, श्री सत्येन्द्र सिंह राघव, श्री स्वर्णिम चतुर्वेदी, श्रीमती आशा नामा, पं. पुरूषोत्तम भारती, श्रीमती दमयंती बाकोलिया, श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री राजू खान, श्री अरूण शर्मा, श्री राजेन्द्र आर्य, श्री गोपाल नावरिया, श्री ओमप्रकाश जैदिया, श्री हवासिंह बुगालिया, श्री शरीफ खान, श्री जयकिशन वर्मा, श्री कजोड़मल सैनी, श्री दीपक धीर, श्री लादूराम बैरवा, श्री राधाकृष्ण जांगिड़, श्रीमती गीता बैरवा, श्री सत्येन्द्रसिंह जादौन सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

– – – –

Created by Universal Document Converter